शुक्रवार
नालन्दा, 09.05.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार
अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा
पेज-01 वर्ष:1, अंक:101
www.apnanalanda.com

## "अंधना पंचायत को मिली विकास की सौगात, मंत्री श्रवण कुमार ने किए 48 लाख की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन"

विजय प्रकाश उर्फ पिन्नु

नूरसराय (अपना नालंदा)। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश के सभी वर्गों का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार दोगुनी हुई है। बिहार में जिस प्रकार विकास कार्य हुए हैं, अब उसका अनुकरण अन्य राज्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार का गाँव अब शहरों से भी सुंदर बन रहा है। गाँवों में अब शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं और यह सब मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और मेहनत का परिणाम है। मंत्री श्रवण कुमार अंधना पंचायत के शंकरपुर, झामा डीह, सैदी, और जलालपुर गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 48 लाख रुपये की लागत से बनी पीसीसी सड़क, ईंट सोलिंग और मिट्टी भराई कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में भी ऐतिहासिक सुधार हुआ है। अब जटिल रोगों के इलाज के लिए बिहारवासियों को बाहर नहीं जाना



पड़ता। किसानों के लिए बिजली की बेहतर व्यवस्था से सिंचाई सस्ती और सुलभ हुई है। पहले जहाँ डीजल से सिंचाई महंगी पड़ती थी, वहीं अब बिजली से यह कार्य आसानी से हो रहा है, जिससे फसल उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर गरीब को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिले। जिनके पास जमीन नहीं है, उन्हें जमीन खरीदने के लिए सरकार सहायता राशि दे रही है। उन्होंने कहा कि अब सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है, जिससे किसान और मजदूरों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आज बिहार के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में परचम लहरा रहे हैं और लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है, जो ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जियाउल हक, जदयू प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ सोनी लाल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामदेव पासवान, मनरेगा पदाधिकारी आशुतोष कुमार, जदयू नेता राकेश कुमार, युवा नेता बंटी यादव, अभिमन्यु यादव, विक्की कुमार, जदयू दलित प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष प्रेम चौधरी उर्फ भोला चौधरी, कामेश्वर सिंह, सौरभ यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हरियाणा ने KIYG 2025 में कबड्डी में दोहरा खिताब जीतकर रचा इतिहास, लड़के-लड़कियों ने फाइनल में दिखाया दम

सुभाष कुमार रजक

बिहारशरीफ। बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के इंडोर हॉल में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में हरियाणा ने लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों में कबड्डी का खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। लड़कों के फाइनल में, कप्तान जय हिंद लाठर के नेतृत्व में हरियाणा ने महाराष्ट्र को रोमांचक मुकाबले में 39-28 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। जय हिंद जून 2023 से गांधीनगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (N C O E) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। हरियाणा के रेडर प्रिंस दहिया, ईशांत और निखिल ने शानदार रेड्स करते हुए टीम को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। सेमीफाइनल में हारने वाली राजस्थान और आंध्र प्रदेश की टीमों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा ने अपने खिताब रक्षा अभियान की शुरुआत कर्नाटक को 58-31 से हराकर की। इसके बाद आंध्र प्रदेश को 37-28, छत्तीसगढ़ को 55-30 और सेमीफाइनल में राजस्थान को 40-38 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा के कप्तान जय हिंद ने कहा कि उन्हें प्रदीप नरवाल, दीपक निवास हुड्डा, मोहित चिल्लर और मोनू गोयत जैसे प्रो कबड्डी सितारों से प्रेरणा मिली है। "हम खेलो इंडिया में सिर्फ गोल्ड जीतने के इरादे से आए हैं। यह मंच हमें अपने टैलेंट दिखाने और करियर में आगे बढ़ने का



अवसर देता है," उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार की ओर से SAI सेंटर में उन्हें मुफ्त प्रशिक्षण, आवास, भोजन और स्पोर्ट्स किट जैसी सुविधाएं मिलती हैं, जिससे वे पूरी तरह अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। उनके पिता बिजेंद्र लाठर जागलान जींद जिले के लाजवाना गांव में किसान हैं। हरियाणा के एक अन्य खिलाड़ी निखिल गुलिया (17 वर्ष), जो पानीपत जिले के गुढ़साम गांव से हैं, ने भी प्रो कबड्डी में खेलने का सपना जताया। निखिल वर्तमान में जयपुर स्थित SAI सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे हैं और पिछले वर्ष SGFI अंडर-19 चैंपियनशिप में हरियाणा की स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा थे। हरियाणा के मुख्य कोच नरेंद्र राणा ने बताया कि राज्य की पारंपरिक खेल पृष्ठभूमि (कुश्ती, बॉक्सिंग आदि) और प्रो कबड्डी लीग की लोकप्रियता के कारण कबड्डी में राज्य की प्रगति तेज हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय टीम में 50-60% खिलाड़ी हरियाणा से आते हैं। लड़कियों के फाइनल में, हरियाणा की अंडर-18 टीम ने उत्तर प्रदेश को 41-24 से हराकर लगातार दूसरा खिताब अपने नाम किया। उन्होंने टूर्नामेंट की शुरुआत पंजाब के खिलाफ 33-32 की कड़ी जीत से की थी। इसके बाद छत्तीसगढ़ को 36-23, राजस्थान को 43-29 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं और फिर तमिलनाडु को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अर्पिता और सोनम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में हारने वाली तमिलनाडु और पंजाब की टीमें कांस्य पदक की हकदार बनीं। समापन समारोह में श्रवण कुमार (मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार), इंजीनियर रवि शंकर प्रसाद सिंह (उपाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति), नितिन कुमार जायसवाल और नरेंद्र कुमार उज्जवल (दोनों उपनिदेशक, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और गजसिंहभा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## राजेश कुमार के नेतृत्व में पहली संगठनात्मक बैठक, भाजपा को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में एक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूती प्रदान करना, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत एवं कार्यकर्ताओं से परिचय, साथ ही आगामी कार्यों की रूपरेखा और समीक्षा करना रहा। बैठक की शुरुआत में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह कार्य करती है और सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी को मजबूती प्रदान करनी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि नालंदा जिले की सातों विधानसभा सीटों पर आगामी चुनाव में एनडीए उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाना है। उन्होंने सभी




मंडल अध्यक्षों से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्रों में टीम गठित कर संगठनात्मक कार्यों में गति लाएं। साथ ही आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराएं और जनता से गहरा जुड़ाव बनाएं। इस बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा, रामसागर सिंह, जिला महामंत्री अविनाश प्रसाद सिंह, रीना कुमारी, उपाध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह, अरविंद पटेल, वीरेन्द्र गोप, मंत्री डॉ. अशुतोष कुमार, उपेन्द्र राजवंशी, तेजस्विता राधा, रवि राज, रंजू कुमारी, साबो देवी, जिला मीडिया सह प्रभारी एवं निवर्तमान महानगर अध्यक्ष अमरेश कुमार, अमरकांत भारती, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रज्ञा भारती सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभा में अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं में मदन प्रसाद सिंह, मनोज कुमार चौधरी, सोनू कुमार हिंदू, धीरज पाठक, मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार, धर्मेंद्र कुशवाहा, संजीव कुमार, बिट्टू कुमार, अभिनंदन पाण्डेय, मुकेश कुमार, धनंजय कुमार, राजकिशोर प्रसाद, मंजय चंद्रवंशी, सूरज चंद्रवंशी, अमित शान सिंह, नीरज कुमार डब्ल्यू, प्रवीला देवी, खुशबू देवी, विपीन कुमार, राजू माहुरी, प्रशांत भदानी, ललन कुमार, मणिकांत पासवान, गोपाल कुमार, सुभाष प्रसाद सिंह, आनंद शंकर उर्फ चिक्कू सिंह सहित कई वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने गोनावां रोड, हरनौत स्थित निर्माणाधीन ओवरब्रिज का किया निरीक्षण



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। जिलाधिकारी नालंदा शशांक शुभंकर ने गुरुवार को अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत हरनौत प्रखंड के गोनावां रोड पर स्थित निर्माणाधीन रेलवे फाटक ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाने पर बल दिया। इस मौके पर बिहारशरीफ अनुमंडल पदाधिकारी, प्रशिक्षु समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में 26 आवेदकों की समस्याएं सुनी, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश



बिहारशरीफ।
जिला समाहरणालय परिसर में गुरुवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दरबार में कुल 26 मामलों को प्रस्तुत किया गया, जिनमें व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक समस्याएं शामिल थीं। एक आवेदक ने शिकायत की कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद गलत आश्रित के नाम पर नौकरी दे दी गई है। इस गंभीर मामले के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने जिला सामान्य शाखा, नालंदा को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक महिला आवेदिका ने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ना की शिकायत की। जिलाधिकारी ने इस मामले को महिला विकास निगम, बिहारशरीफ के जिला परियोजना प्रबंधक को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। एक अन्य भूमि विवाद मामले में, जहाँ भूमि पर जबरन अतिक्रमण और विवाद उत्पन्न होने की बात कही गई, जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी गिरियक और थानाध्यक्ष गिरियक को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राजगीर क्षेत्र के एक भूमि विवाद के संदर्भ में जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्ता, राजगीर को आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया। हरनौत प्रखंड के ग्राम भेड़िया में श्री गणेश धाम मंदिर को जमीन दान देने के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी ने अंचला धिकारी, हरनौत को मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने को कहा।
नाली-गली में गंदे पानी की निकासी अवरुद्ध होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नालंदा को निर्देशित किया कि वे स्थल पर जाकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त अन्य सभी आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मामलों की गहराई से जांच कर त्वरित निष्पादन करें।




# कोलावां में जदयू की पंचायत व बूथ स्तरीय बैठक संपन्न, विधायक ने विपक्ष पर बोला हमला




अपना नालंदा संवाददाता
हरनौत । स्थानीय प्रखंड के कोलावां पंचायत में गुरुवार को जदयू की पंचायत एवं बूथ स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष रंजीत सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हरनौत विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिनारायण सिंह उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक हरिनारायण सिंह ने विपक्षी दलों—राजद,और ग्रेस—पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो विकास कार्य किए हैं, वैसा काम राजद और कांग्रेस के शासनकाल में कभी नहीं हुआ। नीतीश कुमार को जमीनी नेता बताते हुए उन्होंने कहा कि वे हर जाति और धर्म के लोगों को सम्मान देते हैं। विधायक ने सरकार की योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने नल-जल, सड़क, बिजली, कृषि, तकनीक,आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों को भूमि और आवास जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा है। बैठक में जदयू के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, हरनौत विधानसभा प्रभारी गणेश कानू, प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, प्रखंड प्रवक्ता रौशन कुमार, कोलावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. फिरोज, कार्यकर्ता बिपिन, रवि, गुड्डू सहित पंचायत के विभिन्न बूथों से आए लगभग 40 जदयू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत 28 मामलों की की सुनवाई



अपना नालंदा संवाददाता
बिहारशरीफ। जिलाधिकारी नालंदा शशांक शुभंकर ने गुरुवार को लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में कुल 28 मामलों की सुनवाई की। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा कर दिया गया था, जबकि अन्य मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर समाधान की प्रक्रिया आरंभ की गई। महत्वपूर्ण मामलों में निष्पादन व निर्देश इस प्रकार रहे: नवल किशोर प्रसाद सिंह की निजी रैयती जमीन पर निर्माणाधीन मकान के बीच से बिजली पोल एवं तार खींचने संबंधी शिकायत का समाधान किया गया। अनिल प्रसाद की अतिक्रमण से जुड़ी शिकायत का निष्पादन किया गया। संदीप कुमार की विद्युत विवाद (कांड संख्या 16/22) में तत्कालीन जेई पर कार्रवाई करते हुए प्रपत्र (क) गठित कर प्रतिवेदन की मांग की गई। अमिय कुमार की विद्युत विपत्र सुधार संबंधी शिकायत का निष्पादन किया गया। सुधीर कुमार की दो अलग-अलग शिकायतों—गैर कानूनी तरीके से जमाबंदी एवं अंचलाधिकारी द्वारा बिना जांच रिपोर्ट देने पर—पर आवश्यक निर्देश और शोकॉज नोटिस जारी कर सुनवाई की अगली तिथि तय की गई। प्रशांत कुमार सिंह, सीरिन सिराज, लिंकन कुमार, चंदन कुमार, श्याम किशोर प्रसाद, कृष्णनंदन प्रसाद, अटल कुमार, प्रियरंजन कुमार, नीतीश कुमार एवं ममता देवी सहित कई परिवादियों की समस्याओं का निष्पादन किया गया। कुछ मामलों में सुनवाई की अगली तिथि तय कर निष्पादन की प्रक्रिया जारी रखी गई, जिनमें अतिक्रमण, ऑनलाइन परिमार्जन, ट्रांसफॉर्मर व कनेक्शन से जुड़ी शिकायतें, आश्रिता योजनाओं में चयन प्रक्रिया में अनियमितता, भूमि विवाद, वैरकेटिंग कार्य का भुगतान, आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे और उन्हें आवश्यक कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया।

# राजस्व कर्मचारियों की सामूहिक छुट्टी से आमजन परेशान, जमीन से जुड़े कार्य ठप

**बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोप गुट) के आह्वान पर नालंदा जिले के सभी राजस्व कर्मचारी अपनी 17 सूत्री मांगों के समर्थन में 7 मई से सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं।**

अपना नालंदा संवाददाता

एकंगरसराय । बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोप गुट) के आह्वान पर नालंदा जिले के सभी राजस्व कर्मचारी अपनी 17 सूत्री मांगों के समर्थन में 7 मई से सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। इसके चलते अंचल स्तर पर जमीन से जुड़े विभिन्न कार्य ठप हो गए हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों के जाति व ओबीसी प्रमाण पत्र जारी करने का कार्य, किसानों के भूमि परिमार्जन संबंधी कार्य, जमीन अतिक्रमण से जुड़े मामलों की सुनवाई, भूमि की मापी तथा दाखिल-खारिज जैसी अहम प्रक्रियाएं बाधित हो गई हैं। अंचल कार्यालयों में भूमि संबंधी कार्यों के निष्पादन में राजस्व कर्मचारियों की भूमिका अहम होती है, जिनके अभाव में ये कार्य रुक गए हैं। गौरतलब है कि सरकार भी यह मानती है कि बिहार में 70 प्रतिशत गंभीर अपराधों की जड़ भूमि विवाद ही हैं, और जमीन से संबंधित मामलों के समय पर निपटारे में राजस्व कर्मचारियों की भूमिका अहम होती है। यही कारण है कि भूमि से जुड़े मामलों की बड़ी संख्या न्यायालयों में लंबित है। वर्तमान समय में राज्यभर में जमीन सर्वे का कार्य भी प्रगति पर है, ऐसे में राजस्व कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश पर चले जाने से इस कार्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है।












Your School, Our Expertise
Free Demo English Workshop
Upon Invitation from Schools
Boost English Skills
in Just One Session
• Fun & Interactive Learning
• Boost Confidence & Skills
• Exclusively for Schools
Call us for Booking the Free Demo Workshop:
+91-7903624538
4CE
FORESEE EDUVISION
Assessment, Review & Instruction System


An ISO 9001 : 2015 Certified School
Aff. No. : 330810
School No. : 65808
Run & Managed By : Daffodils Educational & Welfare Trust
DAFFODIL PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE (New Delhi)
ADMISSION OPEN FOR NEW SESSION
Nur. to XII
06112-295052, 358719
8271881878, 9341020929, 7367882350
Shri Satisthan, Mangalasthan Road, South of Bharat Gas Godown, Biharsharif, Nalanda


Education Point Public School
A Unit of B.S.S.S (Nalanda)
Pre Nur. to VIIIth With a Concept Classes ( Vth XIIth )
Hostel Facility Available
Our Facilities
★ Computer Lab Room
★ Interactive Atmosphere
★ Performing Arts With Dance Class
★ Fully English Environment
Admission OPEN 2025
Special Focus on
Language With Communication
Skill Vocabulary
Directer by
Subhash Kumar
MSc, B.ed (Chemistry)
Kalyanpur, N.C.C office Bihar Sharif (Nalanda) 803101
Enrol Now - 8252792114


Your School, Our Expertise
Free Demo English Workshop
Upon Invitation from Schools
Boost English Skills
in Just One Session
• Fun & Interactive Learning
• Boost Confidence & Skills
• Exclusively for Schools
Call us for Booking the Free Demo Workshop:
+91-7903624538
4CE
FORESEE EDUVISION
Assessment, Review & Instruction System


PHYSICS WALLAH
VIDYAPEETH —PATHSHALA—
बिहार शरीफ
SESSION 2025-2026 Offline Classes
ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | Foundation Class 8th to 12th & Dropper
कम Fee में पढ़े India का No.1 Institute
में Star Faculty के साथ
Our Facilities:
AC Classroom
CCTV Campus
Offline Classes
Digital Board
Doubt Support
Study Material & DPP
Daily Recorded Lectures
Experiments for Pratical Knowledge
Hostal Facility Available
*T&C Apply
धनेश्वरघाट मंदिर के पीछे, बिहार शरीफ
95766 85051


BRILLIANT GROUP BIHARSHARIF
For a Better Tomorrow
BRILLIANT CONVENT
Fully English Medium School
Separate Hostel Facility for Boys & Girls
Our Extra Facilities :
IIT JEE एवं NEET का फाउंडेशन कोर्स For Class VI to X
Extra Caring Tuition (Class I to V)
Cold/Hot RO water facility including Wi-Fi Facility
R. K. Mission Sainik School BHU Simultala Navodaya Other Schools की तैयारी करायी जाती है।
धनन्जय टीचिंग सेन्टर
SSC BANK RAILWAY
& OTHER COMP. EXAMS.
BRILLIANT LIBRARY
में 3 महीने का Fee जमा करने पर 1 माह का Fee Free होगा।
Kachahari Road, Biharsharif, Nalanda,
Call : 9835114965, 7903272535


अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा
नालंदा का नंबर 1 अखबार
अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें।
9031468165
9608311251
अपना नालंदा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान
"अपना नालंदा"
नालंदा की जनता की आवाज

# अपना नालन्दा





PRUDENCE Girls Hostel & PG
Prudence Girls Hostel & PG
अब आपके शहर
बिहार शरीफ में
बेटियों के लिए
सुरक्षित,
सुविधाजनक और
आरामदायक रहने
की जगह
अब मात्र
5999/- प्रति माह
T&C Apply*
Our Facilities:
Homely & Hygienic Food
24/7 High-Speed WiFi
5G
100% Secure with CCTV & Warden
Spacious & Furnished Rooms
Quiet Study Environment
Locker Facility
Laundry Facility
24x7 Power Backup
Badi Pahari, Bihar Sharif (Nalanda)
Secure Your Stay Today
9931312890